पत्रिका

# Rajasthan: ChatGPT से सीखा नकली नोट बनाने का तरीका, फिर ऑनलाइन आर्डर कर दिया सामान, ऐसे हुआ खुलासा



Fake Currency Making Case: चित्तौड़ कोतवाली थाना पुलिस की ओर से नकली नोट सहित पकड़े गए तीन आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया और चैटजीपीटी ऐप से उन्होंने नकली नोट बनाने की तकनीक सीखी थी।

अनुसंधान अधिकारी विजयपुर थाना प्रभारी प्रभुसिंह चुंडावत ने बताया कि चित्तौडग़ढ़ जिले में नकली बाजार में चलाने वाले गिरोह से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों ने नकली नोट बनाने की तकनीक सोशल मीडिया और चैटजीपीटी ऐप से सीखी थी। नोट बनाने का सामान भी आरोपियों ने ऑनलाइन खरीदा था।

Source: https://www.patrika.com/chittorgarh-news/rajasthan-chatgpt-used-to-learn-fake-currency-making-online-order-led-to-counterfeit-racket-bust-in-chittorgarh-19965245